# आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों की खैर नहीं

## पुलिस कमिश्नर ने जारी किए सख्त निर्देश

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 03 जनवरी. सोशल मीडिया पर आपत्तिनक पोस्ट करने वालों के खिलाफ पुलिस कड़ा एक्शन लेगी. पुलिस कमिश्नर ने इस संबंध में शनिवार को निर्देश जारी किया है.**

जारी निर्देशानुसार सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पोस्ट पर आए कमेंट और क्रॉस कमेंट किया जाता है. इंटरनेट पर एक प्रकार वैमनस्यता की अभिव्यक्ति ऐसे पोस्ट के माध्यम से होती है, जिस पर हर कोई बिना विचार किए और बिना किसी दायित्व के द्वेषपूर्ण,



अश्लील शब्दों का प्रयोग कर धार्मिक भावनाओं को आहत करता है. इस प्रकार के इंटरनेट सोशल मीड़िया वार्स अभी भी सक्रिय हैं, जिनसे लोक व्यवस्था एवं सामाजिक शांति भंग हो सकती है. इन संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए सोशल मीडिया पर इस प्रकार की आपत्तिजनक पोस्ट डालने वालों के खिलाफ और महानगर भोपाल में जन सुरक्षा तथा लोक परिशांति बनाए रखने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है.

**3.** सोशल मीडिया के किसी भी पोस्ट जिसमें धार्मिक, सांप्रदायिक एवं जातिगत भावना भड़कती हो, को कमेंट, लाइक, शेयर या फॉरवर्ड नहीं करेगा. ग्रुप एडमिन की यह व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी कि वह ग्रुप में इस प्रकार के संदेशों को रोके.

**4.** कोई भी व्यक्ति सामुदायिक, धार्मिक, जातिगत विद्वेष फैलाने या लोगों अथवा समुदाय के मध्य घृणा, वैमनस्यता पैदा करने या दुष्प्रेरित करने या उकसाने या हिंसा फैलाने का प्रयास उपरोक्त माध्यमों से नही करेगा और न ही इसके लिए किसी को प्रेरित करेगा.

### ये हैं प्रतिबंधात्मक आदेश

**1.** कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म जैसे-फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर, इंस्टाग्राम, हाईक, एसएमएस, टेलीग्राम एवं अन्य सोशल मीडिया साइट आदि का दुरुपयोग कर धार्मिक, सामाजिक, जातिगत भावनाओं एवं विद्वेष को भड़काने के लिए किसी भी प्रकार के संदेशों का प्रसारण नहीं करेगा.

**2.** कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफार्म में किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक एवं उन्माद फैलाने वाले संदेश, फोटो, वीडियो, ऑडियो इत्यादि जिससे धार्मिक, सामाजिक, जातिगत आदि भावनाएं भड़क सकती हैं या सांप्रदायिक विद्वेष पैदा हो सकता है उसे प्रसारित नहीं करेगा.

# भोपाल मेट्रो के समय में परिवर्तन

## 05 जनवरी से होगा लागू

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 03 जनवरी. राजधानी में मेट्रो अब 13 ट्रिप में चलेगी. इसके साथ मेट्रो के चलने के समय को परिवर्तित कर दिया है. सोमवार से भोपाल में मेट्रो के चलने की नई सारणी लागू कर दी जाएगी. भोपाल मेट्रो ने नई समय सारणी को लेकर सूचना जारी कर दी है.**

जानकारी के अनुसार यात्रियों की संख्या और आवागमन के रुझान के आधार पर यह निर्णय लिया है. एमपीएमआरसीएल ने एम्स और सुभाष नगर मेट्रो स्टेशनों के बीच चलने वाली ट्रेन की समय-सारणी में संशोधन किया है. नई समय-सारणी 5 जनवरी से लागू होगी.

पहली मेट्रो दोपहर 12 बजे एम्स से और दोपहर 12:40 बजे सुभाष नगर से चलेगी. अंतिम मेट्रो शाम 19:30 बजे एम्स से शाम 18:55 बजे सुभाष नगर से चलेगी. अब भोपाल में मेट्रो एक दिन में 13 ट्रिप में चलने जा रही है, जिसमें एम्स से 7 और सुभाष नगर से 6 ट्रिप निर्धारित किया गया है. प्रत्येक 75 मिनट के अंतराल पर यात्रियों को मेट्रो में सवार होने की सुविधा मिलेगी.

AIIMS to Subhash Nagar & Subhash Nagar to AIIMS

AIIMS Metro Station to Subhash Nagar Metro Station

| AIIMS | ALKR | DRMO | RKPS | MPNR | BOC | KVDY | SBNG |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 12:00 | 12:03 | 12:07 | 12:11 | 12:14 | 12:18 | 12:22 | 12:25 |
| 13:15 | 13:18 | 13:22 | 13:26 | 13:29 | 13:33 | 13:37 | 13:40 |
| 14:30 | 14:33 | 14:37 | 14:41 | 14:44 | 14:48 | 14:52 | 14:55 |
| 15:45 | 15:48 | 15:52 | 15:56 | 15:59 | 16:03 | 16:07 | 16:10 |
| 17:00 | 17:03 | 17:07 | 17:11 | 17:14 | 17:18 | 17:22 | 17:25 |
| 18:15 | 18:18 | 18:22 | 18:26 | 18:29 | 18:33 | 18:37 | 18:40 |
| 19:30 | 19:33 | 19:37 | 19:41 | 19:44 | 19:48 | 19:52 | 19:55 |

Subhash Nagar Metro Station to AIIMS Metro Station

| SBNG | KVDY | BOC | MPNR | RKPS | DRMO | ALKR | AIIMS |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 12:40 | 12:43 | 12:47 | 12:51 | 12:54 | 12:58 | 13:02 | 13:05 |
| 13:55 | 13:58 | 14:02 | 14:06 | 14:09 | 14:13 | 14:17 | 14:20 |
| 15:10 | 15:13 | 15:17 | 15:21 | 15:24 | 15:28 | 15:32 | 15:35 |
| 16:25 | 16:28 | 16:32 | 16:36 | 16:39 | 16:43 | 16:47 | 16:50 |
| 17:40 | 17:43 | 17:47 | 17:51 | 17:54 | 17:58 | 18:02 | 18:05 |
| 18:55 | 18:58 | 19:02 | 19:06 | 19:09 | 19:13 | 19:17 | 19:20 |

## एक नजर में

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**भोपाल.** निशातपुरा थाना इलाके में संदिग्ध परिस्थितियों में शनिवार को एक युवक की मौत हो गई. पुलिस ने शव की पीएम के लिए भेजते हुए मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. मृतक छगन कुशवाहा पीपल चौराहे के पास करोंद में किराए के मकान में रहता था. घर के पास ही वह चार की दुकान चलाता था. शुक्रवार देर रात को छगन की तबीयत अचानक बिगड़ने पर पहचान के लोगों ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई. निशातपुरा थाना पुलिस की अब तक की जांच में सामने आया है कि छगन की मौत फिनाइल पीने के चलते हुई है.

### सड़क दुर्घटना में गई युवक की जान

**भोपाल.** बैरागढ़ थाना इलाके में हुई सड़क दुर्घटना में शनिवार को एक युवक की मौत हो गई. शुक्रवार की देर रात एक कार ने सड़क पर चले रहे सीनएजी ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी थी. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के दौरान एक महिला कार चला रही थी. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. आरोपी महिला की तलाश की जा रही है. मृतक नरेश यादव ऑटो चलाता था. देर रात को जब वह सिहोर से आटो लेकर बैरागढ़ आ रहा था, तभी पीछे की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही कार ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी. इस हादसे में नरेश गंभीर रूप से घायल हो गए.

### कल होगा रायफल शूटिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ

**भोपाल.** स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह 69वीं राष्ट्रीय स्तरीय शालेय क्रीड़ा रायफल शूटिंग प्रतियोगिता 2025-26 का शासकीय सुभाष उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 5 जनवरी को दोपहर 2 बजे शुभारंभ करेंगे. प्रतियोगिता का आयोजन 5 से 9 जनवरी तक होगा. समारोह में भोपाल नगर निगम महापौर मालती राय भी उपस्थित रहेंगी. शालेय क्रीड़ा रायफल शूटिंग प्रतियोगिता में 14 से 19 आयु वर्ग के बालक-बालिका भाग लेंगे. प्रतियोगिता का आयोजन लोक शिक्षण, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किया जा रहा है.

# 6 राज्यों की पुलिस ने जमाया डेरा

## अमन कॉलोनी ईरानी डेरे में कार्रवाई की तैयारी

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 03 जनवरी. अमन कॉलोनी ईरानी डेरे से गिरफ्तार बदमाशों को रिमांड पर लेने के लिए 6 राज्यों की पुलिस राजधानी में डेरा जमाए हुए है. देश के 6 राज्यों की पुलिस अलग-अलग प्रकरण में आरोपियों की तलाश पूर्व से कर रही थी.**

डेरे से फरार मुख्य सरगना राजू ईरानी सहित अन्य बदमाशों की तलाश में पुलिस की टीम फिलहाल जुटी है. ईरानी डेरे के बदमाशों को लेकर सूत्रों के हवाले से यह जानकारी सामने आई है कि



एक बदमाश ने तेलांगना से बाइक चुराई थी. इसके साथ ही अमन कॉलोनी के रहने वाले बदमाशों ने फर्जी दस्तावेजों से कई बाइक फाइनेंस कराई थी. इसमें भोपाल में मोबाइल लूट की वारदातों में ईरानी डेरे के बदमाश शामिल रहे है. इसका खुलासा भी साइबर सेल की मोबाइल फोन ट्रैकिंग से सामने आया है.

### 32 आरोपियों को भेजा जा चुका है जेल

भोपाल के अलग-अलग इलाकों में तीन मोबाइल लूट की घटना सामने आई है. सभी फोन ट्रैकिंग इसी इलाके को लेकर इंगित हुए. जानकारी के अनुसार बीते 2, 3 और 25 दिसंबर को शहर के अलग-अलग जगह पर मोबाइल लूट की वारदात भी हुई थी. लूट को अंजाम देने वाले बदमाश अमन कॉलोनी के ही मिले. भोपाल पुलिस ने अब तक की कार्रवाई में डेरे से 22 पुरुष और 10 महिला आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. बदमाशों की रिमांड लेने के लिए अन्य राज्यों की पुलिस भी कार्रवाई करने में जुटी है.

# पतंगोत्सव के लिए बाजार तैयार

**भोपाल, 03 जनवरी. पतंगोत्सव के लिए भोपाल का बाजार अब रिटेल कारोबार के लिए पूरी तरह तैयार है. इस साल भी भोपाल में बनी पतंगों के साथ ही गुजरात के अहमदाबाद, सूरत, वडोदरा और राजस्थान के जयपुर, जोधपुर में बनी पतंगे आई है. डोर बरेली की है.**

भोपाल में सात से आठ महीने लगातार पतंग बनाने का काम चलता है, लेकिन मांग जितनी पूर्ति नहीं होने के कारण बाहर से हर साल बड़ी संख्या में पतंग बुलवाई जाती है. भोपाल में इस साल होलसेल में तो हर तरह की पतंग की मांग रही, लेकिन अब रिटेल का काम शुरू हो गया है और इसमें सबसे ज्यादा कागज की जोधपुरी पतंग की मांग हो रही है. पन्नी की पतंग में इस साल नए आकार आए हैं. ये पतंग मटके, स्टार और रॉकेट के शेप में है. इसके अलावा इस साल पतंग पर नरेंद्र मोदी, कार्टून कैरेक्टर, ऑपरेशन सिंदूर थीम भी पसंद की जा रही है.

दुकानों में खरीदार नजर आने लगे हैं. होलसेल में इस साल कागज की पतंग 3 रुपए से लेकर 50 रुपए तक और पन्नी की पतंग 1 रुपए 70 पैसे से लेकर 50 रुपए प्रति पतंग तक बिकी है. व्यापारियों के अनुसार, भोपाल में बरसों से पतंग बनती आई है, लेकिन मांग के अनुसार पूर्ति नहीं होने के कारण बाहर से पतंग बुलवाई जाती है. बीते तीन से चार साल से पतंग की डोर के लिए ऑटोमैटिक बैटरी वाली चकरी बाजार में हैं.



# शीतलहर की चपेट में एमपी

## कई जिले में पारा 6 डिसे से कम दर्ज

**भोपाल, 3 जनवरी. मध्य प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव और हवाओं की दिशा में बदलाव के कारण मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आ रहा है.**

जहां रात के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है, वहीं आंशिक बादल और कोहरे के असर से दिन के तापमान में गिरावट आई है. मौसम विज्ञानियों के अनुसार शनिवार को भी प्रदेश में मौसम इसी तरह बना रह सकता है, हालांकि इसके बाद न्यूनतम तापमान में फिर से गिरावट शुरू होने की संभावना है. प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान शिवपुरी में 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. प्रदेश के छह शहरों में रात का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा. दतिया, नौगांव और टीकमगढ़ में शीतल दिन की स्थिति बनी रही.

वहीं ग्वालियर और खजुराहो में घना कोहरा छाया रहा, जबकि भोपाल, रीवा, दतिया, रतलाम, दमोह, सागर और सतना में मध्यम कोहरा दर्ज किया गया. दिन का सर्वाधिक तापमान 29 डिग्री सेल्सियस नर्मदापुरम में रिकॉर्ड किया गया, जबकि सात शहरों में अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा. न्यूनतम तापमान में ग्वालियर संभाग के जिलों में 2.1 डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई. वहीं शहडोल संभाग में न्यूनतम तापमान सामान्य से 6 डिग्री तक अधिक रहा.

### 4 .4 डिग्री सेल्सियस तक विशेष गिरावट दर्ज

पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के सभी संभागों में मौसम मुख्य रूप से शुष्क बना रहा. राजगढ़ और दतिया जिलों में शीतल दिन की स्थिति रही. अधिकतम तापमान में उज्जैन संभाग के जिलों में 4 .4 डिग्री सेल्सियस तक विशेष गिरावट दर्ज की गई, जबकि भोपाल और सागर संभाग में तापमान 3 से 3 .6 डिग्री तक नीचे आया. ग्वालियर, चंबल, उज्जैन और सागर संभागों में अधिकतम तापमान सामान्य से 2 .6 से 2 .9 डिग्री कम रहा.

# धोती और कुर्ता पहनकर क्रिकेट खेलन मैदान में उतरेंगे खिलाड़ी

## 5 से 9 जनवरी तक होगा आयोजन

**भोपाल, 3 जनवरी. क्रिकेट की दीवनगी और सनातन संस्कृति की झलक देखनी हे तो सोमवार से भोपाल में होने वाले महर्षि मैत्री क्रिकेट श्रृंखला को देखने आप राजधानी के अंकुर मैदान में पहुच जाए.**

इस प्रतियोगिता में खिलाड़ी धोती-कुर्ता पहनकर मैदान में उतरेंगे, जबकि मैच की कमेंट्री संस्कृत भाषा में की जाएगी. यह अनूठा आयोजन 5 से 9 जनवरी 2026 तक शहर के अंकुर खेल मैदान में होगा. परशुराम कल्याण बोर्ड और वैदिक ब्राह्मण युवा खेल कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य खेल के माध्यम से संस्कृत भाषा, सनातन संस्कृति और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है. इस प्रतियोगिता में 27 टीम भाग लेंगी. प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी पारंपरिक भारतीय परिधान में खेलेंगे और मैदान पर हर घोषणा, निर्णय और कमेंट्री संस्कृत में होगी. इससे दर्शकों को न केवल क्रिकेट का रोमांच मिलेगा, बल्कि संस्कृत भाषा से जुड़ने का भी अवसर मिलेगा.

# 41 .44 मिलियन टन माल किया लदान

## 9 माह में पश्चिम मध्य रेल की उपलब्धि

**भोपाल, 3 जनवरी. पश्चिम मध्य रेल ने चालू वित्तीय वर्ष में ओरजिनेटिंग फ्रेट लोडिंग के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है.**

महाप्रबंधक के निरंतर मॉनिटरिंग और वाणिज्य एवं परिचालन विभाग के समन्वित प्रयासों के परिणामस्वरूप पश्चिम मध्य रेल द्वारा अप्रैल से दिसंबर 2025 तक कुल 41.44 मिलियन टन प्रारम्भिक माल लदान किया गया है. यह आंकड़ा गत वित्तीय वर्ष की इसी अवधि में हुए 38.75 मिलियन टन लदान की तुलना में लगभग 6.94 प्रतिशत अधिक है. केवल दिसंबर 2025 माह में पश्चिम मध्य रेल ने 5.36 मिलियन टन माल लदान किया, जबकि दिसंबर 2024 में यह आंकड़ा 4.98 मिलियन टन था. इस प्रकार दिसंबर माह में भी लगभग 7.63 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है. फ्रेट लोडिंग बढ़ाने के लिए पश्चिम मध्य रेल द्वारा लगातार कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं. इनमें नई रेल लाइनों का निर्माण, दोहरीकरण व तिहरीकरण जैसे अधोसंरचना कार्यों को गति देना, मालगाड़ियों की औसत गति बढ़ाना, गुड्स टर्मिनलों की कार्यप्रणाली में सुधार और डिटेंशन समय को कम करना शामिल है.

> इसके साथ ही माल गोदामों में 24 घंटे लोडिंग-अनलोडिंग सुविधा, नए माल गोदामों का विकास तथा गतिशक्ति कार्गो टर्मिनल और साइडिंग का विस्तार भी किया जा रहा है. पश्चिम मध्य रेल व्यापारियों और ग्राहकों के साथ समन्वय स्थापित कर फ्रेट प्रोत्साहन योजनाओं के माध्यम से माल ढुलाई को बढ़ावा दे रही है. रेल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि फ्रेट लोडिंग में निरंतर वृद्धि के लिए ऐसे प्रयास आगे भी जारी रहेंगे.



### तारों में उलझ रहे सैलानी

मनुआभान टेकरी पर लोगों की सुरक्षा के लिए लगाए गए तार में उलझ कर यहां आने वाले सैलानी चोटिल हो रहे हैं. हालांकि यह तार लोगों की सुरक्षा के लिए लगाए गए हैं. इसके बावजूद भी कई लोग तार को लांघ कर आवागमन करते हैं, जिससे कई बार वह चोटिल हो जाते हैं.

## युवक ने घर में फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल.** बजरिया थाना इलाके में एक युवक ने अपने घर के एक कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. पुलिस को मौके पर सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ. मर्ग कायम कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. मृतक राजा सिंह अपने भाई के साथ सेमरा चांदबड़ में रहता था. वह मूलत: ललितपुर का रहने वाला था. राजा पढ़ाई के साथ ही एक निजी कंपनी में नौकरी भी करता था. राजा के परिवार के लोग भी नहीं समझ पा रहे हैं कि उसने यह कदम क्यों उठाया. घटना के दौरान जब राजा का भाई अपने परिवार के साथ बाहर गया था. इसी दौरान उसने घर के अंदर कमरे में फांसी लगा ली.

# साफ-सफाई नहीं रखने पर 10 हजार का जुर्माना

## 171 प्रकरणों में 36 हजार 600 रुपये का स्पॉट फाइन

**भोपाल, 03 जनवरी. नगर निगम द्वारा शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को उच्च स्तरीय बनाने के साथ ही स्वच्छता के निर्धारित मानकों का पालन न करने व गंदगी फैलाकर निगम की साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने, सड़कों एवं सार्वजनिक एवं खुले स्थानों पर भवन निर्माण सामग्री एवं सी. एण्ड. डी वेस्ट फैलाकर वायु को प्रदूषित करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही भी की जा रही है.**



इसी तारतम्य में निगम के जोन क्रमांक 08 के अमले ने शिवाजी नगर 06 नंबर स्टॉप हॉकर्स कार्नर में साफ-सफाई न रखने पर आगरा जलेबी के संचालक से 10 हजार रुपये का जुर्माना वसूल किया.

> निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा शहर में विभिन्न प्रकार से साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों तथा सड़कों, सार्वजनिक स्थलों पर सीएंडडी वेस्ट फेकने व निर्माणाधीन भवनों में ग्रीन नेट न लगाकर वायु गुणवत्ता को प्रभावित करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है.

साथ ही निगम अमले ने अन्य क्षेत्रों में सड़कों, व सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए 171 प्रकरणों 36 हजार 600 की राशि वसूल की.

**प्रयोग** ऑटोमोटिव इंजीनियर्स सोसायटी इंडिया 2026 प्रतियोगिता में होगा प्रदर्शन

# ग्रीन टेक्नोलॉजी की रेस में दौड़ेगा मैनिट का 'ह-बाहा'


साक्षी केसरवानी

**भोपाल, 3 जनवरी. पेट्रोल और डीजल की दुनिया में अब एक नया प्रयोग सामने आया है. ऐसा वाहन जो डीजल, पेट्रोल से हटकर हाइड्रोजन मिश्रित ईंधन से दौड़ेगा और भविष्य को सस्टेनेबल मोबिलिटी की दिशा दिखाएगा.**

इस वाहन का नाम 'ह-बाहा' दिया गया है, जिसे मैनिट भोपाल के मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के छात्रों ने तैयार किया है. मैकेनिकल इंजीनिरिंग तृतीय वर्ष के छात्र अक्षत तिवारी के नेतृत्व में



सानिध्य पाटीदार, प्रशांत धाकड़, अर्जुन श्रीवास्तव, आयुष सिंह, भार्गवी कुंभलकर, कनुप्रिया शर्मा सहित 30 छात्रों की टीम ने मिलकर इसे बनाया है. छात्र अक्षत तिवारी ने बताया कि आमतौर पर एक लीटर पेट्रोल के लिए करीब 100 से 110 रुपये



खर्च करने पड़ते हैं. लेकिन हाइड्रोजन मिश्रित ईंधन के उपयोग से यह खर्च 50 प्रतिशत तक कम हो जाएगा, क्योंकि यह आसानी से उपलब्ध है. ये वाहन 18 प्रतिशत हाइड्रोजन के साथ - सीएनजी के मिश्रण से चलेंगे. हमने जो ईंधन तैयार किया है वह पारंपरिक सीएनजी से 25 प्रतिशत और गैसोलीन से 18 प्रतिशत ज्यादा एफिशिएंसी हासिल करता है. साथ ही कार्बन उत्सर्जन को भी कम करता है. इस लिहाज से यह पर्यावरण की दृष्टि से भी बेहतर है.

### फ्यूल पर निर्भरता होगी खत्म

> छात्रों ने बताया कि इसमें हाइड्रोजन की पर्याप्त मात्रा मिलाई गई है, जिससे यह पारंपरिक सीएनजी और पेट्रोल की तुलना में अधिक दक्ष बनता है. भविष्य में इसके सफल प्रयोग से फ्यूल पर निर्भरता को कम किया जा सकता है.

### रफ्तार और विशेषज्ञता

- ➜ अधिकतम गति 60 किलोमीटर/ घंटा
- ➜ पहाड़ी, गड्ढे हर तरह के रास्तों पर चलने के लिए सक्षम
- ➜ ड्राइवट्रेन के जरिए 85% पावर ट्रांसमिशन एफिशिएंसी
- ➜ बेहतर ट्रांसमिशन सिस्टम से ऊर्जा क्षय में कमी
- ➜ सीएडी मॉडलिंग और एफईए से ऑप्टिमाइजेशन

# 6 आरोपियों की तलाश जारी

## 4 आरोपी हो चुके हैं गिरफ्तार

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 03 जनवरी. कोलार थाना इलाके में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना के बाद से 6 फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है.**

कोलार पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है. शुक्रवार की देर रात इलाके में गैंगवार और फायरिंग की घटना की जानकारी से भी इंकार किया गया है.

मिली जानकारी के मुताबिक इलाके के 80 फीट रोड पर शुक्रवार को देर रात दो पक्षों के बीच मारपीट और तलवारबाजी का मामला सामने आया. मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों लक्ष्मण, अजय बैरागी, राहुल बैरागी, ऋषभ बैरागी और दीपक नाथ के खिलाफ केस दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर लिया है.

## शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म

**भोपाल.** बैरागढ़ थाना इलाके में एक महिला के साथ शादी का झांसा देकर आरोपी ने दुष्कर्म किया. पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी है. 30 वर्षीय पीड़िता ने थाने पहुंच कर मामले की शिकायत दर्ज कराई. महिला ने आरोप लगाया कि आरोपी आशीष लोधी ने उससे शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया.